01.03.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के मद्देनजर विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की–जयपुर हवाई अड्डे पर यात्रियों को विमानन कम्पनियों से उड़ान संबंधी ताजा जानकारी लेने को कहा गया है।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए आध्यात्मिक चेतना को महत्वपूर्ण बताया।

- केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा – देश में अब जरूरत से अधिक बिजली उपलब्ध।

- प्रदेशभर में होली की रंगत जमने लगी–राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रदेशवासियों को रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

- राज्य में गर्मी का प्रभाव बढ़ा–अगले सप्ताह न्यूनतम और अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का पूर्वानुमान।

000

पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के ताज़ा घटनाक्रम को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने परामर्श जारी किया है। ये परामर्श ऐसे सभी विदेशी नागरिकों के लिए जारी किया गया है, जो वीज़ा विस्तार और ठहराव को नियमित करना चाहते हैं। मंत्रालय ने ऐसे नागरिकों को नज़दीकी विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से संपर्क करने की सलाह दी है। इसके लिए कार्यालय की वेबसाइट ठव्ण्ळव्टण्ण्छ पर भी संपर्क किया जा सकता है। इस बीच, पश्चिम एशिया में भारतीय दूतावासों ने भारतीय नागरिकों से परामर्शों का पालन करने की अपील की है। इसमें सावधानी बरतने और अनावश्यक आवाजाही से बचने को कहा गया है। यूएई, सऊदी अरब, कुवैत, जोर्डन, लेबेनॉन और इराक सहित अन्य दूतावासों ने आपात स्थिति के लिए हेल्पलाइन नम्बर और ई–मेल जारी किए हैं।

इधर जयपुर हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए हवाईयात्रा परामर्श जारी किया गया है। परामर्श में कहा गया है कि पश्चिम की ओर जाने वाली उडानों में देरी हो सकती है या समय में बदलाव हो सकता है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले संबंधित विमान कंपनियों से उडान के बारे में ताजा स्थिति की जानकारी ले लें।

इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमरीका और इस्राएल के हवाई हमलों में मृत्यु के बाद ईरान में 40 दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की गई है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए आध्यात्मिक चेतना महत्वपूर्ण है। इस दिशा में जैन समुदाय की ध्यान, तपस्या और आत्म चिंतन की परम्परा ने विश्व का मार्गदर्शन किया है। श्री शर्मा ने आज जयपुर में आयोजित विश्व नवकार महामंत्र समारोह सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इसमें सभी समाजों की भागीदारी आवश्यक है।

000

कार्यक्रम में शामिल होन से पहले मुख्यमंत्री ने नवकार महामंत्र दिवस 2.0 के प्रचार–प्रसार के लिए रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

000

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि देश में अब आवश्यकता से अधिक बिजली उपलब्ध है। आज नई दिल्ली में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इसकी आपूर्ति के लिए भारत को अगले चार–पांच वर्ष में 30 गीगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन क्षमता की आवश्यकता होगी।

000

श्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2005 से 2020 के बीच ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 35 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है और देश 50 प्रतिशत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

000

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण से देश में तीव्र विकास की ओर अग्रसर है। श्री वैष्णव ने आज गांधीनगर में गुजरात सेमीकनेक्ट सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने सेमीकॉन के पहले चरण की सफलता का उल्लेख किया और इस बात पर जोर दिया कि सेमीकॉन के दूसरे चरण की प्राथमिकता एक मजबूत डीप–टेक स्टार्टअप वातावरण का निर्माण करना है।

000

प्रदेश के उद्योग और वाणिज्य विभाग ने एक जिला– एक उत्पाद नीति और एमएसएमई नीति 2024 की स्वीकृति प्रकिया में बड़ा बदलाव किया है। आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब इन दोनों योजनाओं के तहत आने वाले आवेदकों की जांच मंजूरी की कार्यवाही जिला उद्योग और वाणिज्य केन्द्रों के महाप्रबन्धकों की ओर से की जा सकेगी। उद्योग तथा वाणिज्य आयुक्त सुरेश ओला ने बताया कि इस बदलाव से आवेदन के निस्तारण में तेजी आएगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिल सकेगा। गौरतलब है कि एक जिला–एक उत्पाद नीति के तहत सभी जिलों में एक–एक उत्पाद की पहचान की गई है जिसके तहत सूक्ष्म और लघु उद्योगों को 20 लाख रूपये तक का मार्जिन मनी अनुदान दिया जाता है।

000

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा–शुल्क बोर्ड ने पात्र निर्माता आयातकों के लिए सीमा–शुल्क के तुरंत भुगतान से छूट की सुविधा शुरू की है। इस सुविधा के लिए कल से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। यह सुविधा 31 मार्च तक जारी रहेगी। बोर्ड ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार, अब पात्र निर्माता आयातक निकासी के समय सीमा–शुल्क का भुगतान तत्काल किए बगैर भी आयातित वस्तुएं ले जा सकेंगे। इन वस्तुओं पर लागू शुल्क का भुगतान मासिक आधार पर किया जा सकेगा। इससे निर्माताओं को नकदी और कार्यशील पूंजी बनाए रखने में मदद मिलेगी।

000

प्रदेशभर में होलिका दहन और धुलंडी पर्व के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। बाजार रंग–गुलाल और पिचकारियों से सज गये हैं। झुन्झुनू जिले के नवलगढ कस्बे में होली के पर्व निकले वाले गेर जुलूस को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने आज सातवां फ्लैग मार्च निकाला। वहीं पाली में भी होली को लेकर बाजारों में उत्साह नजर आ रहा है। मन्दिरों में फागोत्सव के आयोजन हो रहे हैं। बृज क्षेत्र भरतपुर में भी होली रंगत जमने लगी है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने होली और धुलंडी पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने रंगों के इस पर्व को हिलमिलकर मनाने का आह्वान करते हुए परस्पर बन्धुता और सदभाव से काम करने की अपील की है।

000

प्रदेशभर में गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। बीते कुछ दिनों से अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे गर्मी का एहसास होना शुरू हो गया है। पिछले चौबीस घंटों में प्रदेश में सबसे ज्यादा 35 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान सीकर के फतेहपुर में मापा गया। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने तथा न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। वहीं मार्च के पहले सप्ताह में तापमान 31 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। विभाग ने मार्च के तीसरे सप्ताह में प्रदेश के कुछ भागों में लू चलने की स्थिति बनने की संभावना जताई है।

000

आईसीसी टी–20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में आज भारत का सामना वेस्टइंडीज से होगा। ये मैच अब से कुछ देर बाद कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल इस महीने की 4 और 5 तारीख को होंगे। वहीं खिताबी टक्कर 8 मार्च को होगी।

000

वस्तु एवं सेवा कर–जी.एस.टी संग्रह में पिछले वर्ष फरवरी की तुलना में इस वर्ष कुल आठ दशमलव एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जी.एस.टी संग्रह इस वर्ष फरवरी में एक लाख 83 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा। फरवरी 2025 में कुल जीएसटी संग्रह एक लाख 69 हजार करोड़ रुपये से अधिक था। इस वर्ष फरवरी में केंद्रीय जीएसटी संग्रह 37 हजार 473 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 45 हजार 900 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत आई.जी.एस.टी संग्रह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

000

भरतपुर में वन विभाग की ओर से संभाग स्तरीय वन मेले का आयोजन किया गया। इसमें धौलपुर, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, डीग और करौली जिले के वन प्रेमियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं ने शिरकत की। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने वन मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान वन उत्पादों और उनके निर्माण की प्रक्रिया को दर्शाया गया। इसके साथ ही औषधीय पौधों, वर्मी कंपोस्ट और वन उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

000

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस और पन्नाधाय जयंती के उपलक्ष में जयपुर में दो दिवसीय शक्ति वंदन–भारत के स्व का अभिनन्दन कार्यकम आयोजित किया जाएगा। नारी सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता और सांस्कृति गौरव को समर्पित इस कार्यकम में महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही 21 महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। पूर्व महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि विभिन्न सत्रों में अभिनेत्री रविना टण्डन, ईशा कोप्पीकर, विधायक मैथिली ठाकुर सहित राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न प्रबुद्धजन शामिल होगें।

000